दिन– शुक्रवार दिनांक– 31 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ आज से शुरू हो रहा है संसद का बजट सत्र। आर्थिक सर्वेक्षण भी होगा पेश।

02. नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अधिकारी आर.के. महाजन के खिलाफ मुकदमा चलाने की सीबीआई को मिली अनुमति।

03. पटना उच्च न्यायालय ने राज्य के सरकारी विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त करने के आदेश को रद्द किया।

04. और, राष्ट्रीय खेलों में बिहार के शुभम कुमार ने वुशू में कांस्य पदक पक्का किया। महिला रग्बी टीम सेमीफाईनल में पहुंची।

————————————————————

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। सबसे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा और राज्यसभा दोनों के संक्षिप्त सत्र के दौरान आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आर्थिक सर्वेक्षण की प्रस्तुति संसद में बजट सत्र की आधिकारिक शुरुआत का प्रतीक है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————

नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी आर.के. महाजन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गयी है। कल नई दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई ने यह जानकारी दी। जांच एजेंसी ने बताया कि मुकदमा चलाने की अनुमति अधिकृत अधिकारी से मिली है। गौरतलब है कि आर.के. महाजन इस मामले के मुख्य आरोपी लालू प्रसाद के रेल मंत्री के कार्यकाल के दौरान उनके आप्त सचिव थे।

————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने राज्य के सरकारी विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त करने के शिक्षा विभाग के आदेश को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति पूर्णेन्दु सिंह की एकल पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ताओं की सेवा बिना उचित सुनवाई का अवसर दिये समाप्त नहीं की जा सकती है। साथ ही राज्यपाल के अनुमोदन से जारी

अधिसूचना को किसी कार्यकारी आदेश के माध्यम से समाप्त नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने सक्षम अधिकारियों को अतिथि शिक्षकों का पक्ष सुनने के लिए उचित अवसर प्रदान करने का भी निर्देश दिया।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहटा –औरंगाबाद और सुल्तानगंज–देवघर रेललाईन परियोजनाओं का काम जल्द ही शुरू किया जायेगा। इन दोनों रेललाईन के निर्माण पर सात सौ तीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत आयेगी। श्री चौधरी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से नई दिल्ली में मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों परियोजनाओं के लिए रेलवे ने राशि स्वीकृत कर दी है।

———————————————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा है कि बिहार के समग्र विकास और प्रगति के लिए फरवरी महीने तक विजन डॉक्यूमेंट– विकसित बिहार दो हजार सैंतालीस तैयार हो जायेगा। पटना में एक बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि इस डॉक्यूमेंट में बिहार के विकास के लिए समाजिक क्षेत्र, आधारभूत संरचना, सामाजिक न्याय और समावेशी शासन समेत कई क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इस डॉक्यूमेंट का निर्माण बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान कर रहा है।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने मध्याह्न भोजन योजना के मेन्यू में बदलाव किया है। अब बच्चों को सप्ताह में केवल एक दिन शनिवार को खिचड़ी मिलेगी। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक विनायक मिश्र ने बताया कि पहले सप्ताह में दो दिन शनिवार और बुधवार को खिचड़ी देने का प्रावधान था। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था पन्द्रह फरवरी से प्रभावी हो जायेगी।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने दक्षिण भारतीय भाषा संस्थान को बंद करने का निर्णय लिया है। संस्थान के कर्मियों का समायोजन तीन अलग–अलग विभागों में किया जायेगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। दक्षिण भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए वर्ष उन्नीस सौ अट्ठासी में इस संस्थान की स्थापना की गयी थी।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की सैद्धांतिक परीक्षा कल से शुरू होगी। परीक्षा का आयोजन पन्द्रह फरवरी तक दो पालियों में होगा। समिति ने कहा है कि परीक्षा में बारह लाख बानवे हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए एक हजार छह सौ सतहत्तर केन्द्र बनाये गये हैं। समिति के

अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्ष केन्द्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों के दो सौ मीटर के दायरे में धारा एक सौ चौवालीस प्रभावी रहेगा। कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गयी है।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द करने की मांग से जुड़ी याचिकाओं पर आज पटना उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। न्यायालय परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर दायर सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने बहुचर्चित नवादा अग्निकांड के मुख्य आरोपी नंदू पासवान समेत अन्य आरोपियों की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति आर पी मिश्रा की एकल पीठ ने इस मामले में दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

———————————————————————————

देहरादून में आयोजित अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार की टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। पटना के शुभम कुमार ने वूशु के सनशु स्पर्धा में राज्य के लिए एक और पदक पक्का कर लिया है। शुभम आज रजत पदक के लिए मैच खेलेंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक रविन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि शुभम ने महाराष्ट्र के रवि जगत को पराजित कर कांस्य पदक पक्का किया। उन्होंने बताया कि राज्य की महिला रग्बी टीम ने सेमीफाईनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाईनल में बिहार ने मेजबान उत्तराखंड को पचपन—शून्य से पराजित किया। वहीं, रग्बी पुरूष टीम को हरियाणा से हार मिली है। टीम पदक की दौड़ से बाहर हो गयी है। बिहार की टीम को अब तक एक कांस्य पदक मिला है।

———————————————————————————

प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड में कमी आयी है। हालांकि हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में अब भी घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चार दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा।

———बाइट———

———————————————————————————

बोधगया के कालचक्र मैदान में आज से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव की शुरूआत हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का आज शाम केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे।

———बाईट———

बौद्ध भिक्षुओं के मंत्रोच्चार के साथ आज शाम अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव की विधिवत शुरूआत होगी। महोत्सव में जापान, थाईलैंड, बांगलादेश, वियतनाम, तिब्बत, कम्बोडिया, कोरिया और म्यांमार समेत कई अन्य देशों के बौद्ध भिक्षु शामिल होंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश–विदेश के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा फिल्म महोत्सव, कला महोत्सव और फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया जायेगा। कालचक्र मैदान में ग्रामश्री मेला और पंचायतों के स्टॉल सहित सरकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए बोधगया से धर्मवीर भारती।

————————————————————————

मुंगेर और खगड़िया के बीच गंगा नदी पर बने श्रीकृष्ण सेतु पर निरीक्षण कार्य के चलते आज भी कुछ समय के लिए वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज सुबह आठ बजे से मेगा ब्लॉक लिया गया है, जो नौ बजकर तीस मिनट जारी रहेगा। इसके बाद ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक सेतु पर वाहन नहीं चलेंगे।

————————————————————————

दानापुर रेलमंडल आज अपना शताब्दी समारोह मना रहा है। रेल मंडल के सौ सालों की गौरवशाली यात्रा पर आज पटना के जगजीवन स्टेडियम में शताब्दी समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधन छत्रसाल सिंह भी शामिल होंगे। इधर, समारोह की पूर्व संध्या पर कल लेजर शो का भी आयोजन किया गया।

————————————————————————

एसटीएफ की टीम ने पटना के मालसलामी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर कुख्यात अपराधी चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर जिले के कई थानों में मामले दर्ज हैं। वहीं, नवादा से पुलिस ने पचास हजार रूपये के ईनामी नक्सली उमेश रविदास और बेगूसराय के पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी शिवदत्त राव को नोएडा से गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

पटना स्थित निगरानी की एक विशेष अदालत ने तत्कालीन चकबंदी अमीन रामकृष्ण मिश्रा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी पाते हुये डेढ़ वर्ष कारावास और दस हजार रूपये जुर्माने की सजा चुनाई है।

---

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के सिकरीगंज थाना क्षेत्र में हुये सड़क हादसे में पूर्वी चम्पारण के पहाड़पुर निवासी एक दम्पति समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। इधर, औरंगाबाद जिले के बंदेया थाना क्षेत्र अन्तर्गत खेमपुर और प्रतापपुर के बीच दो मोटरसाईकिल के बीच हुई आमने–सामने की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

---

सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोल्हुआ में हथियारबंद अपराधियों ने एक आभूषण दुकान से तीस लाख रूपये मूल्य के जेवरात लूट लिये।

---

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से दो पिस्तौल, एक देसी कट्टा, नौ कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अगल खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– जमीन के बदले नौकरी मामले में आर.के. महाजन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी।

दैनिक भास्कर ने महाकुम्भ से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– कुम्भ भगदड़ में बिहार के पांच और की मौत, तीन लापता।

प्रभात खबर की सुर्खी है– कर्मनाशा से आमस तक एक सौ अड़तालीस किलोमीटर तक महा जाम। कुम्भ आने–जाने वाले हजारों यात्री फंसे।

दैनिक जागरण, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के हवाले से लिखता है– साल भर के भीतर भारत के पास होगा, डीपसीक से बेहतर एआई मॉडल।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– मधेपुरा में शीघ्र लगेगा मिल्क चिलिंग प्लांट। मुख्यमंत्री ने की घोषणा।

आज अखबार ने बजट सत्र की खबर को पहले पन्ने पर स्थान देते हुये लिखा है– संसद का बजट सत्र आज से।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ आज से शुरू हो रहा है संसद का बजट सत्र। आर्थिक सर्वेक्षण भी होगा पेश।

02. नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में पूर्व आईएएस अधिकारी आर.के. महाजन के खिलाफ मुकदमा चलाने की सीबीआई को मिली अनुमति।

03. पटना उच्च न्यायालय ने राज्य के सरकारी विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त करने के आदेश को रद्द किया।

04. और, राष्ट्रीय खेलों में बिहार के शुभम कुमार ने वुशू में कांस्य पदक पक्का किया। महिला रग्बी टीम सेमीफाईनल में पहुंची।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।